तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 24 जून 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत, एक मासूम गंभीर



## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों को सजग पुलिस के तहत किया जा रहा जागरुक

**कोरबा।** पसान, मोरगा और जटगा पुलिस के द्वारा गाँव में जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों का बैठक लिया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा वर्मा के मार्गदर्शन में जनप्रतिनिधि एवं किसानों का बैठक लेकर सजग कोरबा के तहत उन्हें जागरूक किया जाए। बिलासपुर अंबिकापुर मार्ग में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या अधिक होने की बात बताते हुए लोगों को शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने को कहा गया। हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने एवं मालवाहक गाड़ियों में सवारी नहीं बैठाने के संबंध में भी बताया गया। वहाँ उपस्थित लोगो को डायल 112 एवं हाईवे में आपातकालीन डायल 1033 के बारे में जानकारी दिया गया। इसके अतिरिक्त उपस्थित लोगों को साइबर अपराध होने पर नजदीकी थाने या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 में तुरंत फोन कर अपनी शिकायत दर्ज कारवाना है। एटीएम संबंधी ठगी के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया, सेक्स्टॉर्शन एवं महिला संबंधी अपराध की जानकारी दिया गया।

### प्रिंस को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**कोरबा।** डॉ.प्रिंस कुमार सोनी



जिनकी स्कूली शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय सीएसईबी एवं उच्च शिक्षा गवर्नमेंट पीजी कॉलेज कोरबा से पूर्ण की, जो वर्ष 2019 से निरंतर श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर से छत्तीसगढ़ के बिलासपुर संभाग के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमियों के योग्यता विश्लेषण का अध्ययन विषय वाणिज्य पर शोध कार्य किया। डॉ.अनूप श्रीवास्तव के मार्गदर्शन पर इनका शोध कार्य पूर्ण किया गया। डॉ.प्रिंस कुमार सोनी ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर जिले को गौरवान्वित किया। डॉ.प्रिंस कुमार सोनी के पिता सुंदरलाल सोनी, माता श्रीमती कुसुमलता सोनी, बहन नंदिनी सोनी, अनुराधा सोनी, भैया शरवन सोनी ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### डिप्टी सीएम साव ने अशोक वाटिका का किया निरीक्षण

**कोरबा।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने कोरबा पहुंचे उप मुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने योगाभ्यास के बाद शहर में अशोक वाटिका, हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित कन्वेंशन सेंटर, विवेकानंद परिसर और पोड़ीबहार स्थित एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान संबधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मंत्री अरुण साव ने आज अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कोरबा को प्रदेश में आदर्श जिले के रूप में पहचान दिलाने सभी अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने एवं शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक प्राथमिकता से पहुँचाने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कोरबा जिला मुख्यालय में आयोजित बैठक में कहा कि प्रदेश की ऊर्जाधानी कोरबा में संसाधनों की कोई कमी नहीं है। बहुमूल्य खनिज पदार्थ प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। यहां हर क्षेत्र में कार्य करने की संभावनाएं असीम है। इसके लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी नई ऊर्जा व सोच के साथ जिले के विकास कार्यों को गति देने के लिए काम करें।

## ग्रामीण हॉट बाजारों में महिला समूहों को दुकान देने नहीं बनी कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबन बनाने के लिए शासन की कई योजनाएं क्रियान्वित हैं। उसके बावजूद भी कई समूह निष्क्रिय पड़े हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले हॉट बाजार वहां की अर्थ व्यवस्था का प्रमुख आधार रहते हैं। जहां महिलाओं को स्थाई दुकान देने के लिए कोई कार्य योजना नहीं तैयार हुई। यही कारण है कि समूहों के द्वारा उत्पादित सामाग्रियों को साप्ताहिक बाजार में भी मार्केट नहीं मिल पाने से समूह निष्क्रिय होते जा रहे हैं।

जिले में 3 हजार से अधिक महिला स्व सहायता समूह का पंजीयन है जिन्हें किसी न किसी स्वरोजगार से जोड़ने के लिए पिछले कई वर्षों से जिला पंचायत में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं, जो पिछले दो वर्ष से बंद पड़ा है। वहीं समूह भी अब निष्क्रिय हो चले हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की महिला समूहों को वर्मी कम्पोस्ट बनाने का प्रशिक्षण दिया गया, जिसका उत्पादन नहीं बिकने पर अब वह मजदूरी भुगतान के लिए भटक रहे हैं। इसी तरह पसान क्षेत्र में सीताफल से उत्पाद बनाने योजना बनाई गई। समूह को सामान दिए गए एक वर्ष तक सीताफल की फसल आने पर समूह ने कार्य तो किया और वह एक वर्ष बाद फिर बंद हो गया। इसी तरह पूर्ववर्ती सरकार के समय रीपा योजना शुरू की गई, जिसमे फ्लाई ऐश ब्रिक्स, सीमेंट का सामान बनाने का प्रशिक्षण दिया गया वह भी बंद हो गया। सभी महिला समूह इस समय निष्क्रिय पड़े हुए हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजारों से ग्राम पंचायत टैक्स वसूली करती है, किंतु उन हाट बाजारों में महिला समूहों को एक स्थाई दुकान देने के लिए न तो पंचायत में कार्य योजना बनी और ना ही जिला और जनपद पंचायत में, जबकि महिला समूहों ने साप्ताहिक हॉट बाजारों में अपने उत्पाद बेचने के लिए अस्थाई दुकान भी लगाते रहे हैं।

### शहरी क्षेत्र में दी गई दुकानें पड़ी हैं बंद

**खास बातें**

- जिला पंचायत परिसर में आबंटित है दुकानें
- नहीं हो पा रहा स्वावलंबन का काम, निष्क्रिय हो गए कई समूह



### जिला पंचायत में आबंटित दुकानें बंद पड़ी

ग्रामीण क्षेत्र की महिला समूहों को जिला पंचायत परिसर में बनी दुकानों का आबंटन किया गया था, जिनमें केवल दो महिला समूह ही दुकानों का संचालन कर रही है, शेष दुकानें बंद पड़ी हुई हैं। नकटीखार की महिला समूह को बिहान कैंटिन का आबंटन किया गया है। यही एकमात्र महिला समूह है जो सक्रिय नजर आ रही है, इनके अलावा बड़ी ग्राम पंचायतों में बनाए गए अटल बाजार में भी इन महिलाओं को आबंटित दुकानें बंद पड़ी हुई है।

### वाट्सअप पर भी समंस की होगी तामिली

## भारतीय न्याय संहिता 1 जुलाई से, ऑनलाइन एफआईआर, तीन दिन बाद थाने में हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश में 1 जुलाई से लागू हो रहे नया अपराधिक कानून को लेकर पुलिस व प्रशासन ने तैयारी शुरु कर दी है। अब भारतीय न्याय संहिता 2023 में ई-एफआईआर का प्रावधान है जिसमें 3 दिवस के निर्धारित अवधि के भीतर प्रार्थी को संबंधित थाने में पहुंचकर अपनी पहचान तथा हस्ताक्षर सत्यापित करना होगा। साथ ही गंभीर प्रकरणों में डिजीटल और इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों को भी नए कानून में मान्यता दी गई है।

ज़िला प्रशासन एवं पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में न्यायिक दंडाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी, व पुलिस विभाग के अधिकारियों को बताने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम में सुबह 10 बजे से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। वाणिज्य और उद्योग श्रम मंत्री छत्तीसगढ़ शासन लखन लाल देवांगन की आतिथ्य में कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा पीपीटी के ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- जिला प्रशासन एवं पुलिस ने नए कानूनों के संबंध में कार्यशाला की आयोजित



कार्यशाला में उपस्थित न्यायाधीश, श्रम मंत्री एवं अन्य।

### हत्या, धोखाधड़ी, रेप सहित अन्य अपराधों की धाराओं में होगी तब्दीली

भारतीय न्याय संहिता 2023 में पूर्व में प्रचलित धाराओं एवं सजाओं में कई बदलाव हुए हैं जिनमें उन्होंने उदाहरण से स्पष्ट किया है कि हत्या के अपराध पर दर्ज होने वाली धारा 302 अब नए कानून के अनुसार धारा 103 के रुप में दर्ज होगी। गैंग रेप पर धारा 376 डी की जगह अब नई संहिता के तहत धारा 70 (1) के तहत दर्ज होगी। इसी तरह धारा 4 छोटे अपराधों के लिए अनावश्यक कारावास की जगह सामुदायिक सेवा करने के प्रावधान, धारा 103 (2) भीड़ हिंसा या मॉब लिंचिंग को मृत्यु या आजीवन कारावास के दण्ड का प्रावधान, धारा 304 स्नैचिंग के अपराध को परिभाषित एवं दंडित करना, इससे हर तरह के स्नैचिंग के मामलों में नकेल कसने में मदद मिलेगी, धारा 306 (1) ड्राइवर द्वारा रोड एक्सीडेंट के उपरांत पुलिस को सूचित करने पर सजा में रियायत का प्रावधान होना, अध्याय (5) महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराधों को एक स्थान पर समेकित एवं व्यवस्थित करते हुए प्रभावी कानून कार्यान्वयन सरल करना।

### 164 साल बाद बदला गया कानून

जानकार बताते हैं इंडियन पैनल कोट आईपीसी की धारा 1860 में बनाई गई थी। अब 164 साल बाद देश में भारतीय न्याय संहिता की शुरुआत होने जा रही है। अब भारतीय न्याय संहिता पूरे देश भर में लागू होगा जिसमें न्याय के लिए समग्र दृष्टिकोण, ना केवल अपराधियों बल्कि पीड़ित एवं समाज के लिए न्याय सुनिश्वित करना, आधुनिक जांच प्रक्रिया तकनीकी का प्रयोग करके जांच को और तेज और कुशल बनाया, आतंकवाद एवं संगठित अपराध से निपटना, गंभीर अपराधों के लिए बढ़ी हुई सजा, जुर्माना एवं न्यूनतम दण्ड का प्रावधान, भीड़ हिंसा, स्नैचिंग, साइबर क्राइम जैसे नए एवं अन्य उभरते अपराधों के लिए समर्पित प्रावधानों का होना, दंड प्रक्रिया संहिता को अधिक सुव्यवस्थित, सुगम एवं प्रवर्तनीय बनाना, आधुनिक भारत हेतु न्याय केंद्रित कानून जहां महिलाओं बच्चों एवं कमजोर वर्ग को प्राथमिकता दी गई है।

## तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सीएचओ ने खोला मोर्चा



धरना प्रदर्शन करते सीएचओ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सामुदायिक चिकित्सा कर्मचारियों (सीएचओ) ने अपनी तीन मांगों को लेकर हड़ताल शुरू कर दी है। हड़ताल में जिले के 170 से ज्यादा कर्मचारी शामिल हैं। कर्मचारियों की हड़ताल से चिकित्सा सेवाओं पर असर पड़ा है।

प्रदेश सरकार ने वैलनेस सेंटर में इन सभी कर्मियों को पिछले साल सेवा करने का मौका दिया था। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में संचालित हो रहे ऐसे वैलनेस सेंटर में कर्मचारियों की संख्या 170 के आसपास हैं। सभी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए हैं। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की एक पदाधिकारी ने बताया कि उनके एक सहयोगी पवन वर्मा को गलत जानकारी के आधार पर सेवा से मुक्त कर दिया गया है। हमने सरकार से मांग की है कि उनकी बहाली जल्द कराई जाए। वहीं आठ माह से वेतन नहीं मिलने के कारण परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होती जा रही है। इसके अलावा सभी कर्मचारियों ने अपने मूल निवास पर पोस्टिंग मांगी था, क्योंकि उन्हें पारिवारिक दिक्कतें आ रहे हैं। इन समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्रदर्शन स्थल पर इन सभी ने मांगों को ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- सामुदायिक चिकित्सक कर्मियों की हड़ताल से चिकित्सकीय सेवाएं बाधित

### मांग पूरी नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन

ओम प्रकाश चौहान ने ये भी बताया कि वेतन विसंगति और अन्य मांग काफी लंबे समय से की जारी है, लेकिन उसके बावजूद भी संबंधित अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। कहीं न कहीं उनकी लापरवाही के कारण आज यह स्थिति है। यही हाल रहा तो आने वाले समय में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## आज ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा, सचिव संघ की हड़ताल भी आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला प्रशासन द्वारा 24 जून सोमवार को जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं दूसरी ओर अपनी मांगों को लेकर पंचायत सचिव ने एक सप्ताह पूर्व ही 24 जून से हड़ताल पर जाने की सूचना जिला पंचायत सीईओ को दी गई है और ऐसे में आज होने वाली ग्राम सभा में पंचायत सचिव की उपस्थिति को लेकर सवाल खड़ा हो गया है। सचिव हड़ताल पर जाएंगे या शासन के आदेश का पालन करेंगे।

प्रदेश पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़ की कोरबा जिला इकाई के जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह कंवर, कार्यकारी जिलाध्यक्ष मोहनचंद कौशिक, जिला सचिव राजकुमार रजक, हसन अली के नेतृत्व में जिले भर के पंचायत सचिव 24 जून से कामबंद कलमबंद हड़ताल पर जा रहे हैं। वही कलेक्टर अजित वसंत ने एक आदेश जारी करते हुए जून से गांव में ग्राम सभा का आयोजन करने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश में पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 129(खा) (3) के तहत ग्राम सभा मे गणपूर्ति कराने का दायित्व सम्बंधित पंच, सरपंच एवं सचिवो का होगा।

वही हड़ताल के सम्बंध में जयपाल सिंह कंवर ने बताया कि पूर्व में जिला पंचायत सीईओ को कामबंद कलमबंद की सूचना देते हुए चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपकर समाधान की अपेक्षा की गई लेकिन निराकरण नहीं होने पर 24 जून सोमवार से जिला मुख्यालय में अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जाएगा। चार सूत्रीय मांगों में प्रधानमंत्री आवास के कारण रोके गए वेतन का भुगतान, सचिवों का वेतन एक निश्चित तारीख को भुगतान करने, लंबित वेतन का भुगतान करने और एरियर्स राशि का भुगतान करना शामिल है। 12 जून को आवेदन देकर सात दिवस के भीतर निराकरण का आग्रह किया गया था लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

जयपाल सिंह ने बताया कि कटघोरा के विधायक प्रेमचंद पटेल एवं तानाखार विधायक तुलेश्वर हीराम सिंह मरकाम के द्वारा भी जिला पंचायत सीईओ को पत्र लिखा गया था लेकिन फिर भी समाधान नहीं हुआ है।

**खास बात**

- आज ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा आयोजित करने के शासन ने दिए हैं निर्देश

### पूरी की गई मांगे

पंचायत सचिवों की जो चार मांगे थी वह पूरी हो गई है, इसकी अब कोई समस्या नहीं है और उसके बाद भी अगर हड़ताल पर जाते हैं तो कार्यवाही की जाएगी।
संबित मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत

## मनोरोगी को रायपुर ले जा रही एंबुलेंस बिगड़ी, परिजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पतरापाली गांव से एक मरीज को रायपुर ले जा रही सरकारी 108 एंबुलेंस बरपाली गांव में अचानक खराब हो गई। इसके कारण मरीज के परिजन परेशान हो गए। इस दौरान एंबुलेंस चालक ने बताया कि इंटरनल पार्ट टूटने से खराबी आई है और मशीनरी का कोई भरोसा नहीं होता। ऐसी स्थिति के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

**खास बात**

- ग्राम पतरापाली से रायपुर जा रही थी एंबुलेंस



रजगामार पुलिस चौकी क्षेत्र के पतरापाली गांव के रहने वाले मानसिक रूप से बीमार एक व्यक्ति का उपचार करने के लिए उसके परिजन रायपुर जाने निकले थे। इन लोगों को 108 संजीवनी एंबुलेंस की सुविधा प्राप्त हुई थी। 40 किलोमीटर का सफर पूरा करने के बाद बरपाली गांव के पास यह एंबुलेंस अचानक खराब हो गई। ऐसे में मरीज को संभालने के चक्कर में परिजन परेशान हुए। एंबुलेंस के अचानक खराब होने की सूचना प्राप्त होने पर मीडिया ने यहां का रुख किया। वाहन चालक सुनील कुमार ने बताया कि मरीज को लेकर रायपुर जा रहे थे। एम्बुलेंस का इंटरनल पाट्र्स टूटने से समस्या हुई है यह मशीनरी का मामला है। दूसरी गाड़ी बुलवाने की व्यवस्था की गई है। जिले में विभिन्न क्षेत्रों के लिए मरीज को सुविधा देने 108 संजीवनी एंबुलेंस का संचालन कांट्रैक्ट बेसिस पर किया जा रहा है। इनको मेंटेनेंस को लेकर लगातार शिकायतें सामने आती रही हैं। संचालन करने वाली एजेंसी पर कई प्रकार के आरोप इस मामले में लगते रहे हैं। सवाल इसी बात का है कि अगर एंबुलेंस के बिगड़ने की स्थिति में किसी मरीज की मौत होती है तो इसके लिए जवाबदेही किसकी तय होगी।

### जिले के 33 परीक्षा केन्द्रों में दो पाली में हुई शिक्षक पात्रता परीक्षा

## प्रायमरी और मिडिल स्कूल में पढ़ाने भावी शिक्षकों ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शिक्षक पात्रता परीक्षा दिलाने के लिए 10 हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था। रविवार को दो पाली में 33 केन्द्रों में आहूत की गई परीक्षाओं में प्रथम पाली में 2 हजार से अधिक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में यह संख्या 3 हजार से अधिक थी। प्रथम पाली में प्रायमरी स्कूल के शिक्षक के लिए परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में मीडिल स्कूल में पढ़ाने के लिए परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई।

पिछले लंब समय बाद शिक्षक पात्रता परीक्षा व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित की जा रही है। लगभग 4 साल बाद हो रही शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए जिले में 33 केन्द्र बनाए गए थे, जिनमें प्रथम और द्वितीय पाली मिलाकर 16 हजार से अधिक परीक्षार्थी ने अपना पंजीयन कराया था। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9 से 12 बजे तक आहूत की गई। प्रायमरी स्कूल में पढ़ाने के लिए परीक्षार्थी परीक्षा में बैठे जिसके लिए 6 हजार 553 परीक्षार्थियों ने अपना पंजीयन कराया था, जिसमें 4 हजार 239 परीक्षार्थी ही उपस्थित रहे। 2 हजार 314 परीक्षार्थियों ने परीक्षा से दूरी बनाए रखी। इसी तरह मीडिल स्कूल में पढ़ाने के लिए द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4.30 बजे तक आहूत की गई। जिसमें शिक्षक पात्रता परीक्षा दिलाने 10 हजार 963 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिसमें 7 हजार 486 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई तो वहीं 3 हजार 477 परीक्षार्थी द्वितीय पाली में अनुपस्थित रहे। इस तरह दो पाली में आहूत की गई परीक्षा में कुल 17 हजार 516 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिसमें 11 हजार 725 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 5 हजार 791 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।



परीक्षा केंद्र से बाहर निकलते परीक्षार्थी।

### विषयवार पूछे गए प्रश्न

प्रथम पाली की परीक्षा में प्राथमिक स्कूल में पढ़ाने के लिए परीक्षार्थी बैठे थे। जिसमें सामान्य तरह के सवाल पूछे गए थे, जिनमें पहली से 5वीं तक पढ़ाए जाने वाले सभी विषय शामिल हैं। वहीं मीडिल स्कूल में पढ़ाने के लिए जो परीक्षार्थी बैठे थे उन्हें विषयवार पूछे गए प्रश्नों का जवाब देना पड़ा। इसके लिए परीक्षार्थियों को आवेदन देने के समय अपना पसंददीदा विषय का आप्शन देना पड़ता था। आज परीक्षा में मीडिल स्कूल के लिए परीक्षा दिलाने वाले परीक्षार्थियों को विषयवार प्रश्न पत्र दिए गए थे, जिसमें सभी विषय के प्रश्न शामिल थे गणित, विज्ञान जैसे विषय प्रमुख थे।

### गीतकुंआरी के जंगल में हाथियों ने डाला डेरा

**कोरबा।** जिले के जंगलों में हाथियों के विचरण से ग्रामीण दहशत में है। वनमंडल कोरबा के कुदमुरा रेंज में हाथी समस्या यथावत बनी हुई है। यहां 7 हाथियों का दल विचरण कर रहा है, जो विगत 5 दिनों से गीतकुंआरी के जंगल में डेरा डाले हुए है। हाथियों के क्षेत्र में मौजूद रहने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। हालांकि हाथियों ने अब तक यहां बड़ा नुकसान नहीं पहुंचाया है, फिर भी ग्रामीणों को डर है कि कहीं क्षेत्र के जंगल में मौजूद हाथी उनकी बस्ती में घुसकर जान-माल को नुकसान न पहुंचा दे। वन विभाग का अमला हाथियों की लगातार निगरानी में जुटा हुआ है। उनकी लगातार यह कोशिश है कि हाथी जंगल ही जंगल विचरण करता रहे और आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंचने न पाए।



# 'पिल' से ओटीटी डेब्यू के लिए तैयार रितेश..

**मुंबई।** रितेश देशमुख फिल्मों के अलावा अब वेब सीरीज की दुनिया में भी किस्मत आजमाने जा रहे हैं। वे अब अपने ओटीटी डेब्यू के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने अपनी पहली वेब सीरीज 'पिल' की आधिकारिक घोषणा कर दी है। राज कुमार गुप्ता इस आगामी सीरीज के निर्देशक हैं। अभिनेता ने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा के साथ वेब सीरीज का आधिकारिक एलान किया। सीरीज के पोस्टर के साथ इसकी रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठाया गया है। रिलीज की तारीख की घोषणा के अलावा स्ट्रीमिंग प्लटफॉर्म ने सीरीज से अभिनेता का पहला लुक भी जारी कर दिया है। यह सीरीज 12 जुलाई से जियो सिनेमा पर रिलीज होगी।

## लाइफ Style



# सारा

## 'अंबानी ने हमें रोटी के साथ सोना परोसा'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सारा अली खान ने जामनगर में हुए अंबानी की पार्टी के बारे में खुलासा किया है। एक साक्षात्कार में उन्होंने मार्च में अनंत और राधिका की प्री-वेडिंग पार्टी को याद किया और मजाक में कहा, 'वे सोना परोसते थे। जैसे हम रोटी के साथ सोना खाते थे। और हर जगह हीरे थे।'

सारा ने फिर स्पष्ट किया, 'यह एक बहुत अच्छा, प्यारा और मेहमाननवाज कार्यक्रम था। मैं अनंत के साथ स्कूल गई हूं। मैंने राधिका को बड़े होते हुए देखा गया है। मुझे लगता है कि पूरा अंबानी परिवार बहुत अच्छे से स्वागत करने वालों में से हैं और नीता मैडम धीरूबाई अंबानी स्कूल में मेरी चेयरपर्सन थीं।' सारा ने कहा, तीन दिवसीय कार्यक्रम के सबसे यादगार हिस्से को याद करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि मेरे लिए सबसे यादगार पल वह था, जब मैंने अनंत और राधिका को देखा। कागज पर हस्ताक्षर करना और एक-दूसरे को प्यार से देखना। उन्होंने आगे कहा, यह बहुत मजेदार था, यही कारण है कि मैं आपको विशेष पलों के बारे में बता रही हूं। हर किसी ने इसे एक अलग रूप में देखा, प्रत्येक अभिनेता ने क्या पहना है, इसकी समीक्षा की। अभिनेत्री ने आगे कहा, 'जब नीता मैम ने अनंत के लिए अपना भरतनाट्यम प्रदर्शन किया। डांस के दौरान उनकी आंखों में ममता देखने को मिला। मैं ग्रीन रिट्रीट नामक स्थान पर रह रही थी। वहां सबके लिए कॉफी थी। इसलिए मैं खूब कॉफी पी रही थी, लेकिन मैं ज्यादा नहीं खा रहा था क्योंकि मुझे प्रमोशन का हिस्सा बनना था और अच्छा दिखना था।'

## हॉलीवुड मसाला



# लांच किया पहला मुफ्त फास्ट चैनल

**लॉस एंजिलिस।** बानीजे राइट्स ने 'मिस्टर बीनः द एनिमेटेड सीरीज' को समर्पित एक फास्ट चैनल लॉन्च किया है। यह पहली बार दुनिया भर में मुफ्त विज्ञापन-समर्थित सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित ब्रांड का विस्तार करता है। इस 24/7 फास्ट चैनल (फ्री एड-सपोर्टेड टेलीविजन) का शीर्षक मिस्टर बीन है। इस पर 'मिस्टर बीनः द एनिमेटेड सीरीज' के पहले तीन सीजन शामिल होंगे। यह सैमसंग टीवी प्लस, एलजी, प्लेक्स, राकुटेन टीवी और टीसीएल पर 29 क्षेत्रों में उपलब्ध होगा।




# ब्रैड 61 की उम्र में फिर बनना चाहते हैं पिता

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट 61 साल के हैं और उनके 6 बच्चे हैं पर दोबारा पिता बनना चाहते हैं। ब्रैड पिट चाहते हैं कि वह और उनकी गर्लफ्रेंड आइन्स और बच्चों के पैरेंट्स बनें। ब्रैड पिट और एंजेलिना के तलाक के बाद से उनके बच्चों के साथ रिश्ते बिगड़ गए। मालूम हो कि 61 वर्षीय स्टार ब्रैड पिट के बच्चों की उम्र 15 से लेकर 22 साल के बीच है। लेकिन साल 2019 में एंजेलिना जॉली संग तलाक के बाद से ही बच्चों और उनके बीच टेंशन चल रही है। दोनों बेटों पैक्स और मैडॉक्स के साथ उनका खूब विवाद हुआ और रिश्ते खराब हो गए। सोर्स के मुताबिक, एंजेलिना जॉली के साथ बिगड़े रिश्तों और विवाद के कारण ब्रैड पिट जूलरी डिजाइनर आइन्स के करीब आ गए। एंजेलिना और उनका तलाक साल 2019 में हुआ था, जबकि शादी 2014 में की थी।



# आलोचना करने वालों से पूछे सवाल...


**मुंबई।** कंगना रणौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक लंबा नोट लिखकर साझा किया है। इसमें उन्होंने ताकतवर महिलाओं के प्रति पुरुषों के नजरिए पर बात की है। कंगना का कहना है कि अपने आसपास सक्षम और पावरफुल महिलाओं को देख पुरुष एक धारणा बनाकर चलते हैं। इस कड़ी में उन्होंने चार सवाल पूछे हैं। कंगना ने पहला सवाल पूछा है, 'क्या हम महिलाओं से हमेशा विनम्र होने की उम्मीद करते हैं? दूसरा सवाल किया है, 'अगर महिलाएं अपनी भावनाओं से ऊपर उठकर कुछ फैसले लेने में सक्षम है तो क्या हम उन्हें जज करते हैं? तीसरा सवाल है, 'क्या यह भी सच है कि अगर किसी महिला का बाहरी रूप या व्यवहार कठोर है तो पुरुष उससे प्रतिस्पर्धा करना शुरू कर देते हैं, लेकिन यदि वह सहज है तो वे उसमें अवसर तलाशने लगते हैं।



# पहली ही फिल्म में छा गए जुनैद

**मुंबई।** आमिर खान के बेटे जुनैद खान की डेब्यू फिल्म 'महाराज' शुक्रवार 21 जून को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म पहले 14 जून को रिलीज होनी थी, लेकिन गुजरात हाईकोर्ट की रोक के बाद रिलीज नहीं हो पाई। शुक्रवार को कोर्ट ने हरी झंडी दे दी और साथ ही कहा कि इसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है। यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में जुनैद खान के अलावा जयदीप अहलावत, शालिनी पांडे और शरवरी वाघ आदि कलाकार भी हैं। फिल्म धर्म के ठेकेदार बने एक अधर्मी बाबा पर बनी है, जिसकी पोल एक पत्रकार करसनदास मुलजी ने खोली। जुनैद पत्रकार करसनदास की भूमिका में हैं। फिल्म देखने के बाद दर्शक जुनैद के अभिनय की जमकर तारीफ कर रहे हैं। पहली ही फिल्म से जुनैद ने दिल जीत लिया है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस में आते ही छलका रणवीर का दर्द

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 3 के घर में अभिनेता रणवीर शौरी ने भी एंट्री मारी है। रणवीर बॉलीवुड में करीब 25 साल से काम कर रहे हैं। ऐसे में शो का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें वो अपने डूबते करियर को लेकर बात करते नजर आ रहे हैं। बिग बॉस ओटीटी 3 के लाइव फीड में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शिवानी कुमारी, रणवीर शौरी से बात करती नजर आ रही हैं। शिवानी, रणवीर को देखकर पहचान नहीं पाईं कि वो एक एक्टर हैं। शिवानी रणवीर से पूछती हैं कि वो कौन हैं और क्या काम करते हैं। शिवानी की बात सुनकर रणवीर को न ही बुरा लगा न गुस्सा आया। उन्होंने बड़ी ही शालीनता से शिवानी के सवालों का जवाब देते हुए बताया कि वो फिल्मों में एक्टिंग करते हैं। इसके बाद रणवीर शौरी ने शिवानी कुमारी से अपना दर्द बयां किया। उन्होंने शिवानी से कहा कि उन्हें काम नहीं मिल रहा है। रणवीर ने बताया, 'मैं एक एक्टर हूं और पहली बार मैंने साल 1999 में पहली फिल्म की थी।' इसके बाद शिवानी पूछती हैं कि आप क्या बनते हैं हीरो या विलन। इस पर रणवीर ने कहा कि जो भी काम मिल जाए। शिवानी कहती हैं कि काम कैसा चल रहा है। ये सुनते रणवीर कहते हैं कि काम अच्छा चल रहा होता तो मैं यहां नहीं होता।

## संगीत में झनक करेगी मुजरा, अनिरुद्ध अपने प्यार के लिए लेगा स्टैंड?

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस का सीरियल झनक हर एपिसोड के साथ दिलचस्प होता जा रहा है। अनिरुद्ध झनक से प्यार करता है, लेकिन फिर भी अर्शी से शादी करने जा रहा है।



इधर झनक भी अनिरुद्ध को बेहद प्यार करती है, लेकिन वो अपने प्यार का इजहार करने से डर रही है। बोस परिवार में खुशी का माहौल है। अर्शी और अनिरुद्ध के संगीत का फंक्शन हो रहा है, लेकिन बिपाशा झनक को सबके सामने बेइज्जत करने का प्लान बनाए बैठी है। अब देखना होगा कि क्या अनिरुद्ध झनक के लिए लेगा स्टैंड? झनक अनिरुद्ध और अर्शी के संगीत में सबके सामने मुजरा करेगी। झनक का डांस देखकर महफिल में लोग उससे इम्प्रेस हो जाएंगे, लेकिन बिपाशा उसकी बेइज्जती करेगी।

# ट्विंकल खन्ना ने की बॉबी देओल के काम की सराहना...

**नई दिल्ली।** बॉबी देओल ने लंबे समय के बाद जब पर्दे पर वापसी की तो सभी को हैरान कर दिया। अभिनेता ने अपने अभिनय और कौशल के दम पर खूब सराहना बटोरी। अब उनके काम की तारीफ अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना ने की है। दरअसल, ट्विंकल खन्ना ने बॉलीवुड में अपना डेब्यू साल 1995 में आई फिल्म 'बरसात'से किया था। ट्विंकल ने बॉबी के साथ हाल ही में मुलाकात की, जिसके बाद उन्होंने अपनी दो तस्वीरें पोस्ट की और लिखा कि वह बॉबी देओल के प्रदर्शन से रोमांचित हैं। अभिनेत्री से लेखिका बनी ट्विंकल खन्ना ने बॉबी देओल के साथ अपनी हालिया मुलाकात की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'आज और कल, सिर्फ पिंकी मौसी ही उनकी प्रशंसक नहीं हैं, उन्हें अच्छा करते हुए देखकर मैं भी काफी रोमांचित हूं। पुरानी यादों का स्वाद मीठा होता है। एक-दूसरे से मिलकर मजा आया कि हम पहले कैसे हुआ करते थे। आपको ये देखकर क्या याद आता है और क्यों? मुझे कमेंट में बताएं।' बता दें कि बॉबी देओल और अक्षय कुमार अच्छे दोस्त हैं और उन्होंने 'अजनबी', 'थैंक यू' और 'हाउसफुल 4' जैसी कई फिल्में साथ में की है। बॉबी देओल ने रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' से शानदार वापसी की। उनकी अदाकारी ने लोगों को हिला के रख दिया। इससे पहले उन्हें वेब सीरीज 'आश्रम'में देखा गया था, वहां भी उनके किरदार को काफी सराहा गया था।



# सिंगर असीस ने बेटे को दिया जन्म

**नई दिल्ली।** 'रातां लम्बियां' की गायिका असीस कौर और उनके पति गोल्डी सोहेल इस समय सातवें आसमान पर हैं। शादी के बंधन में बंधने के करीब एक साल बाद इस जोड़े ने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। इस खबर की खुशी दोगुनी है, क्योंकि वे विश्व संगीत दिवस के शुभ अवसर पर माता-पिता बने हैं। सोशल मीडिया पर सभी सिंगर को ढेर सारी शुभकामनाएं दे रहे हैं। 21 जून को असीस कौर और उनके पति गोल्डी सोहेल ने अपने जीवन की सबसे खास खबर साझा करने के लिए अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट किया। जोड़े ने अपनी एक प्यारी सी तस्वीर साझा की। तस्वीर में, 'अख लड़ जावे' गायिका अपने पति की गोद में सिर रखे हुए दिखाई दे रही हैं। इस बीच, उनके पति गायिका के हाथों में पकड़े गए छोटे जूतों को बड़े प्यार से देख रहे हैं। पीले रंग की ड्रेस पहने, असीस की प्रेग्नेंसी ग्लो को अनदेखा नहीं किया जा सकता है, जबकि वह तस्वीर में अपना बेबी बंप दिखा रही हैं। कपल ने कैप्शन में लिखा, 'वाहेगुरु तेरा शुक्र है, अपार खुशी और कृतज्ञता के साथ, हम विश्व संगीत दिवस पर अपने प्यारे बच्चे के जन्म की घोषणा करते हैं! इस विशेष दिन ने हमें हमारे जीवन की सिम्फनी में सबसे मधुर नोट से नवाजा है। हमारे दिल प्यार, खुशी और कृतज्ञता से भर गए हैं।' गौरतलब है कि 18 जून को असीस और गोल्डी ने अपनी पहली शादी की सालगिरह मनाई। एक पोस्ट में, कपल ने इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए रोमांटिक तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की।



## बतौर डांसर व मेजबान टीवी पर काम करने के बाद राघव ने फिल्मों में कदम रखा

# इन कलाकारों ने बतौर डांसर शुरू किया था करियर, अदाकारी से भी मनवाया लोहा

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा का इतिहास 100 साल से भी ज्यादा पुराना है। इस दौरान एक से बढ़ कर एक कलाकारों ने फिल्मी पर्दे पर अपना जलवा बिखेरा। कई ऐसे भी कलाकार हुए, जिन्होंने अपना फिल्मी सफर एक अभिनेता के तौर पर शुरू भी नहीं किया था, लेकिन बाद में वह एक बेहतरीन अभिनेता बन गए। आज हम बात करने वाले हैं, ऐसे कलाकारों के बारे में, जिन्होंने बतौर डांसर अपने करियर की शुरुआत की और खूब नाम भी कमाया। इसके बाद जब वह बतौर अभिनेता पर्दे पर आए, तो वहां भी उन्हें दर्शकों से काफी प्यार और सराहना मिली।*

**प्रभुदेवा :** इस कड़ी में सबसे बड़ा और ताजा नाम हैं प्रभुदेवा का। उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत बतौर डांसर और कोरियोग्राफर की थी। आज वह देश के जाने-माने कोरियोग्राफर, फिल्म निर्देशक और अभिनेता हैं। उन्हें विभिन्न प्रकार के डांस मे महारत हासिल है। देश भर में सभी डांसर्स इनका काफी सम्मान करते हैं और अपने लिए प्रेरणास्त्रोत मानते हैं। उन्होंने सबसे पहले साल 1989 में रिलीज हुई कमल हासन अभिनीत फिल्म 'वेत्री विझा' फिल्म में बतौर कोरियोग्राफर काम किया था। इसके पहले वह एक दो फिल्म के कुछ सीन्स में दिखे थे। बैकग्राउंड डांसर के तौर पर उन्होंने साल 1988 में आई तमिल फिल्म 'अग्नि नटचथिरम' में काम किया था। इसके बाद वह लगातार बतौर कोरियोग्राफर काम करते रहे और उन्होंने अपना एक खास मुकाम बना लिया। कोरियोग्राफी में बेहतरीन योगदान देने के लिए उन्हें साल 2019 में पद्मश्री के सम्मान से नवाजा गया। कोरियोग्राफी के बाद वह पहली बार बतौर मुख्य अभिनेता वह साल 1994 में आई फिल्म 'इंदू' में नजर आए। इसके बाद उन्होंने कई फिल्मों में काम किया और एक अभिनेता के रूप में भी खुद की एक पहचान बनाई। एक बार फिर वह अपनी आगामी फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। वह अभिनेता विजय थालापति के साथ आगामी फिल्म 'गोट' यानी ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम मे नजर आने वाले हैं।



**राघव जुयाल :** राघव जुयाल टीवी जगत के काफी मशहूर कलाकार हैं। उन्हें बतौर डांसर, मेजबान, अभिनेता जाना जाता है। राघव टीवी की दुनिया में पहली बार डांस आधारित शो 'डांस इंडिया डांस' में नजर आए थे। शो पर उनकी विशेष शैली वाली डांस और उनका चुलबुला अंदाज काफी पसंद किया गया। इस शो के बाद वह कुछ और डांस पर आधारित शोज में बतौर मेजबान नजर आए। उन्होंने 'डांस प्लस' जैसे शो के कई सीजन की मेजबानी भी की। इसके अलावा उन्होंने 'दिल है हिंदुस्तानी' के दूसरे सीजन की मेजबानी भी की। बतौर डांसर और मेजबान टीवी पर काम करने के बाद राघव ने फिल्मों में कदम रखा। उन्होंने 'सोनाली केबल', 'एबीसीडी 2', 'नवाबजादे', 'स्ट्रीट डांसर', 'बहुत हुआ सम्मान', 'किसी का भाई किसी की जान' जैसी फिल्मों में अपनी अदाकारी की छाप छोड़ी। इस वक्त वह अपनी आगामी फिल्म 'किल' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में वह विलेन की भूमिका में नजर आने वाले हैं। उन्हें इस किरदार के लिए काफी तारीफें मिल रही हैं।



**काजल अग्रवाल :** अभिनेत्री काजल एक जानी-पहचानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने साल 2004 की बॉलीवुड फिल्म 'क्यूं हो गया ना' से फिल्मों में डब्यू किया था। काजल ने इस फिल्म में ऐश्वर्या राय की छोटी बहन का रोल निभाया था, जिसपर दर्शकों का ज्यादा ध्यान नहीं गया। हालांकि, इसके बाद भी उन्होने हार नहीं मानी और अपनी मेहनत की बदौलत एक मशहूर अभिनेत्री बनीं। उन्होंने अपने करियर में कई बेहतरीन फिल्में की हैं। एक समय पर वह दक्षिण भारतीय फिल्मों में शीर्ष अभिनेत्रियों में शामिल थीं। हाल में ही वह फिल्म 'सत्यभामा' में नजर आई थीं, इस फिल्म में उन्होंने पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया था। काजल अभिनेत्री बनने से पहले एक बैकग्राउंड डांसर के तौर पर काम करती थीं।



**धर्मेश येलांडे :** धर्मेश येलांडे आज एक मशहूर डांसर, कोरियोग्राफर और अभिनेता के तौर पर जाने जाते हैं। वह टीवी पर सबसे पहले साल 2010 में 'डांस इंडिया डांस' शो में नजर आए थे। इस शो की वजह से वह बतौर डांसर काफी मशहूर हो गए। इसके बाद उन्होंने 'डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स' और 'डांस के सुपरस्टार्स' में भी भाग लिया। उन्हें मशहूर कोरियोग्राफर सह निर्देशक फराह खान ने अपनी फिल्म 'तीस मार खान' के लिए धर्मेश को बतौर कोरियोग्राफर काम दिया था। इसके बाद उन्होंने कई और डांस पर आधारित शा में काम किया। टीवी के बाद उन्होंने फिल्मों में भी बतौर अभिनेता अपने करियर की शुरुआत की। वह साल 2013 की डांस आधारित फिल्म 'एबीसीडी' से अभिनय में कदम रखा। इसके बाद उन्होंने कई और फिलमों में काम किया। 'बैंजो', 'नवाबजादे', 'सफलता 0 किमी' आदि फिल्मों में उनके अभिनय की सराहना भी की गई।



## खबर संक्षेप



### हाईटेंशन तार की चपेट में आकर दो ग्रामीणों की मौत

**सूरजपुर।** खेत में फसलों की जानवरों से रक्षा के लिए लगाए गए झटका मशीन के तंरगीत तार की चपेट में आकर दो किसानों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने अपने खेतों की रक्षा के लिए झटका मशीन लगाया था लेकिन उसे हाईटेंशन तार से किसने जोड़ दिया यह अब तक पता नहीं चल पाया है। सुबह खेत में दोनों का शव देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच की जा रही है। बड़ी बात यह है कि अब ग्रामीण खुलेआम इस तरह से झटका मशीन का उपयोग कर रहे है और इसकी जानकारी पुलिस व प्रशासन को नहीं है। बताया जा रहा है कि ग्राम पंचायत तेलसरा चंद्रपुर निवासी 55 वर्षीय घरभरन नेताम व 54 वर्षीय प्राण मार्को पडोसी है और दोनों किसानों ने अपने खेतों में उड़द दाल की बोआई की है। दोनों ही किसानों ने अपने खेतों की मवेशियों और जंगली जानवरों से रक्षा के लिए चारों ओर तार का जाल बिछाकर झटका मशीन लगाया गया है। आज सुबह दोनों ग्रामीण अपने खेत में लगाए गए उड़द दाल को देखते ने किए गए थे लेकिन वे वापस नहीं लौटे। इस दौरान खेत की तरफ से गुजर रहे ग्रामीणों को दोनों किसानों का शव खेत में पड़ा मिला। ऐसे में उन्होंने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची द्वारा शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि ग्रामीणों ने अपने खेतों की रक्षा के लिए झटका मशीन लगाया था लेकिन उसे हाईटेंशन तार से किसने जोड़ दिया यह पता नहीं चल पा रहा है। वहीं ग्रामीण खुलेआम झटका मशीनों का उपयोग कर रहे है जो जांच भविष्य में और भी ख़तरनाक साबित हो सकता है। फिलहाल पुलिस जांच के बाद वस्तु स्थिति स्पष्ट होने की बात कह रही है।

### एटीएम कार्ड बदलकर महिला से 23 हजार की ठगी

**अंबिकापुर।** खलिबा निवासी कांति एक्का पति प्रफुल एक्का अजिरमा एग्रीकल्चर कॉलेज में मजदूर का काम करती है। 17 जून की दोपहर साढ़े बारह बजे वह अजिरमा एसबीआई एटीएम से अपना पैसा निकालने गई हुई थी। एटीएम कार्ड को मशीन में डालने पर पैसा नहीं निकला। इस दौरान पीछे खड़ा एक युवक उसके पास आया और मदद करने के नाम पर एटीएम कार्ड को बदल लिया। इस दौरान उसने महिला का पासवर्ड भी देख लिया लेकिन जब पैसा नहीं निकला तो महिला वापस लौट गई। इसी बीच दोपहर डेढ़ बजे पुनः उसके मोबाइल पर चार बार में 23 हजार 900 रुपए आहरण होने का मैसेज आया। महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है।

### देवगढ़ मेला से बाइक चोरी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** उदयपुर पुलिस ने देवगढ़ मेला से बाइक चोरी करने के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोरिया पटना के ग्राम टेंगनी निवासी बृज मोहन दास 10 मार्च को अपनी प्लेटीना बाइक क्रमांक सीजी 16 सीडी 2230 से ग्राम देवगढ़ में मेला देखने गया था। इस दौरान युवक ने बाइक को मेला स्थल के बाहर खड़ी किया था। जब युवक वापस लौटा तो उसकी बाइक गायब थी। युवक द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से की गई थी। शिकायत की जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि उक्त चोरी का वाहन तेंदुआ चौक में वाहन मैकेनिक का काम करने वाला नीलू साहू अपने पास छिपाकर रखा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी मूलतः कोरिया के पटना अंतर्गत डांडपारा आंजोकला निवसी 27 वर्षीय नीलू साहू तेंदुआ चौक में रहकर मैकेनिक का काम करता है उसने चोरी की घटना को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन अपराधी है और पूर्व में एमसीबी जिले में चोरी के मामले में जेल जा चुका है। पुलिस ने आरोपी को धारा 379 के तहत गिरफ्तार कर चोरी की बाइक को बरामद कर लिया है।

# आयुर्वेद शिविर में असाध्य रोग से पीड़ित लोगों का हुआ उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर, पतंजलि युवा भारत, लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ, विश्व हिंदू परिषद एवं आयुष मेडिकल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत पतंजलि चिकित्सालय, श्री शिव औषधालय एम.आई.जी 20, आर.पी.नगर फेस 2 निहारिका कोरबा में निःशुल्क आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श, रक्त शर्करा (ब्लड शुगर) एवं अस्थि खनिज घनत्व (बोन मिनिरल डेंसिटी) जांच शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम नाडी वैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा, वैद्या डॉ. वागेश्वरी शर्मा एवं शिविरार्थियों ने आयुर्वेद प्रवर्तक भगवान धन्वंतरि एवं भारत माता के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण एवम दीप प्रज्वलन कर निःशुल्क आयुर्वेद एवं योग चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया।

शिविर में 82 रोगियों की रक्त शर्करा की निःशुल्क जांच की गई तथा 108

#### असाध्य रोगों से पीड़ित 153 रोगी हुए लाभान्वित



रोगियों की अस्थि खनिज घनत्व (बोन मिनिरल डेंसिटी) की जांच कोलकाता के टेक्नीशियन द्वारा की गई, शिविर मेंअपना इलाज कराने आये सभी 153 रोगियों को आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञ नाडी वैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा एवं वैद्या डॉ. वागेश्वरी शर्मा ने उनके लिये उपयोगी आयुर्वेदानुसार आहार-विहार, दिनचर्या ऋतुचर्या के विषय में विस्तार से बताते हुए इससे मुक्ति हेतु निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श दिया। साथ ही वैद्या डॉ.वागेश्वरी शर्मा ने शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा की जब तक हम तन और मन दोनों से स्वस्थ नही होंगे हम अपने आपको पूर्ण रूप से स्वस्थ नही कह सकते और तन और मन को स्वस्थ रखने का उपाय योग एवं प्राणायाम है। योग एवं प्राणयाम के द्वारा ही स्वस्थ तन और स्वस्थ मन की प्राप्ति संभव है। शिविर में रोगियों के लिए उपयोगी योगाभ्यास, मण्डूकासन, शशकासन, पादहस्तासन, वक्रासन, मर्कटासन तथा भस्त्रिका, कपालभाति एवं अनुलोम विलोम प्राणायाम का व्यक्तिगतरूप से विशेष प्रशिक्षण नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा एवं वैद्या डॉ.वागेश्वरी शर्मा द्वारा दिया गया। शिविर को सफ़ल बनाने में डॉ.संजय वैष्णव, श्रीमती प्रतिभा शर्मा, अभिषेक कुमार, अश्विनी बुनकर, मनीष कौशिक, मनोरथ रॉय, कमल धारिया, नेत्रनंदन साहू आदि ने सहयोग किया।

## एनटीपीसी सिल्वर जुबिली पार्क में अधिग्रहण के समय से थी स्थापित

# वर्षों बाद ग्रामीणों ने ग्राम देवी को बाजे गाजे के साथ गांव में किया स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एनटीपीसी के स्थापना के दौरान अगारखार की जमीनों का अधिग्रहण अपने कॉलोनी के लिए किया गया था उस दौरान अगारखार की ग्राम देवी शक्ति दाई भी अधिग्रहित भूमि के दायरे में आकर कॉलोनी

**खास बात**

- बड़ी संख्या में महिलाओं व पुरुषों ने किया परंपरा का निर्वहन

के सिल्वर जुबिली पार्क में ही स्थापित रहीं। अगारखार के ग्रामीण अपने ग्रामीणा परंपरा के अनुसार आज तक पूजा अनुष्ठान करने के लिए सिल्वर जुबिली पार्क के तालाब में पहुंचा करते थे। कई पीढ़ी बीत गई इस प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए। वर्षों बाद ग्रामीणों ने अपने ग्राम देवी को गांव में ही स्थापित करने का निर्णय लिया और रविवार को प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए ग्राम देवी को गांव में लाकर स्थापित किया।

औद्योगिक शहर कोरबा में कई ऐसे प्राचीन देवी स्थल हैं जो औद्योगिक उपक्रमों के लिए अधिग्रहित की गई जमीनों के साथ उपक्रमों के कॉलोनी या संयंत्र के अंदर चले गए। ऐसे ही एक देवी स्थल में अगारखार की शक्ति दाई का स्थल है जो एनटीपीसी के स्थापना के दौरान अधिग्रहित की गई जमीनों के दायरे में आने के कारण एनटीपीसी कॉलोनी के सिल्वर जुबिली पार्क में स्थापित रही। पुराने समय के ग्रामीण देव स्थल में किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की और गांव के परंपरा का निर्वहन करते हुए किसी भी शुभ कार्य शुरू होने के पूर्व अपनी ग्राम देवी शक्ति दाई की पूजा अर्चना करने अगारखार गांव से एनटीपीसी कॉलोनी के सिल्वर जुबिली पार्क के तालाब पहुंचा करते थे। कॉलोनी के अंदर होने के कारण गई बार ग्रामीणों को दिक्कतें उठानी पड़ती थी। बदलते दौर के साथ नई पीढ़ी ने अपनी ग्राम देवी को गांव में ही स्थापित करने का निर्णय लिया और इसके लिए गांव में पंचायत बैठी और कई चरणों में चर्चा करने के बाद ग्राम देवी को गांव में स्थापित करने के लिए सहमति बनीं, तब जाकर शक्ति दाई को गांव में स्थापित करने के लिए रविवार का समय तय करते हुए सुबह से ही ग्रामीण सबसे पहले पुराने स्थल पहुंचे, जहां शक्ति दाई विराजित थीं। लगभग एक से डेढ़ घंटे तक गांव के बैगा के द्वारा प्राचीन परंपरा के तहत ढोल नगाड़े के साथ शक्ति दाई को गांव के नये स्थल में लेकर पहुंचे जहां एक पेड़ के नीचे स्थापित की गई।



ग्रामदेवी की स्थापना करते ग्रामीण।

**क्या कहते हैं ग्रामीण**

**सबकी सहमति के बाद स्थापना का लिया निर्णय:कंवर**

गांव के बुजुर्ग लखन सिंह कंवर की मानें तो बहुत पहले जब एनटीपीसी की स्थापना हुई तब से उनके गांव की देवी कॉलोनी में स्थापित थी, जिसे गांव में स्थापित करने को लेकर ग्रामीणों के बीच कई बार चर्चा हुई लेकिन सहमति नहीं बन पा रही थी फिर कुछ पुराने बुजुर्गों को साथ लेकर चर्चा हुई। समय बदलने के कारण गांव की देवी को गांव में ही स्थापित करने की सहमति बनाई गई और तब कहीं जाकर स्थापना का निर्णय लिया गया।

**दूर होने के कारण परंपरा के निर्वहन में हो रही थी परेशानी: विशाल**

गांव के ही बुजुर्ग विशाल सिंह कंवर की मानें तो कालोनी के अंदर स्थापित होने के कारण पहले तो लोग चले जाते थे, लेकिन धीरे-धीरे नई पीढ़ी के लोग प्राचीन परंपरा के निर्वहन करने में परेशानी महसूस करने लगे लोग दूर नहीं जाना चाहते थे। यह देख ग्रामीणों ने विचार किया कि अगर लोग जाना बंद कर देंगे तो परंपरा का निर्वहन नहीं हो सकेगा। ऐसी परेशानी को देखते हुए गांव के ही तालाब के पास स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 9 मवेशियों की मौत



**कोरबा।** रविवार की शाम गरज चमक के साथ तेज बारिश हुई। इसी बीच आकाशीय बिजली गिरने से 9 मवेशियों की मौत हो गई है। यह घटना कोरबा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत तौलीपाली के आश्रित गांव धोबनीमार की है। पेड़ के नीचे 9 मवेशी बैठ हुए थे। अचानक मौसम में बदलाव हुआ और चमक गरज के तेज बारिश हुई आकाशीय बिजली गिरने से 9 गौवंश की मौत हो गई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### भारतीय न्याय ...

माध्यम से नवीन क़ानून के संबंध में एवं कार्यशाला की रूपरेखा के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में बदलाव किया गया है। जिसमें गंभीर प्रकरणों में डिजीटल एवं इलेक्ट्रानिक्स साक्ष्यों को मान्यता मिली है। भगोड़े अपराधियों पर कानून और सख्त बनाया गया है। इन न्यायसंगत सुधारों से जहां छोटे अपराधों में लिप्त अपराधियों को सुधरने का अवसर दिया गया है वहीं जघन्य अपराधों पर कड़ी सजा होगी लेकिन न्याय संहिता में ई-एफआईआर का अपराध दर्ज किया गया है। कलेक्टर अजीत वसंत और ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सत्येन्द्र साहू के द्वारा भी अपने वक्तव्य से प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। कार्यशाला में महापौर राजकिशोर प्रसाद एवं नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर भी उपस्थित रहीं। कार्यशाला में एडीजे श्री कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, जेएमएफसी श्रीमती प्रतीक्षा अग्रवाल एवं जेएमएफसी सुश्री ऋचा यादव ने तीनों नये क़ानून के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। ज्ञात हो कि 1 जुलाई से नये क़ानून लागू हो जाएंगे। इसलिए इसके बारे में जानकारी देने के लिए इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। लागू होने वाले नए कानून देश की न्याय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और पारदर्शी बनाएंगे। भारतीय न्याय संहिता का उद्देश्य आपराधिक न्याय प्रणाली में सुधार करना है, जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने के साथ-साथ सुरक्षा उपायों को भी सुनिश्चित करती है। भारतीय साक्ष्य अधिनियम न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने वाले साक्ष्यों की मान्यता और प्रामाणिकता से संबंधित है। कार्यशाला में न्यायिक दंडाधिकारी, सीएमएचओ, एडीएम, एसडीएम, एफएसएल अधिकारी, अभियोजन अधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा, नगर कोतवाल मोती पटेल, कुसमुण्डा थाना प्रभारी रुपक शर्मा, बालको थाना प्रभारी अभिनवकांत, दीपका थाना प्रभारी युवराज तिवारी, उरगा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार वर्मा सहित जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारी उपस्थित थे।

### तीन सूत्रीय मांगों...

लेकर नारेबाजी की। सामुदायिक स्वास्थ्य चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश चौहान ने बताया कि वेतन और 8 महीने का इंसेंटिव बकाया है। निश्चित रूप से इस हड़ताल के कारण संबंधित केंद्रों में लोगों को मिलने वाली सेवाओं पर असर पड़ा है।

# डीएसपीएम में मनाई गई डॉ मुखर्जी की पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रवादी, प्रखर वक्ता एवं भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विद्युत तापगृह स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस दौरान उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन, जिला अध्यक्ष राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक चावलानी, निगम नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, आरिफ खान, देवेंद्र पांडे, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, सतविंदर पाल बग्गा, नरेंद्र पाटनवार, राजेंद्र साहू, राकेश मिश्रा, पार्षद नरेंद्र देवांगन, ऋतु चौरसिया, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरजू अजय, प्रकाश अग्रवाल, कोसाबाडी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, राजेश सोनी, राजेश राठौर, संदीप, दादू, कोसाबाडी मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा स्वाति कश्यप, प्रदेश कार्य समिति सदस्य मंजू सिंह, जिला उपाध्यक्ष उमा भारती सराफ, मंडल महामंत्री सुमन सोनी, चंदन सिंह, मनोरमा शर्मा, ज्योति वर्मा, लक्ष्मण श्रीवास, संजू शर्मा, देवेंद्र चौहान, रमा, श्याम, कोसाबाड़ी मंडल के पदाधिकारी एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता का उपस्थित रहे।



स्व. मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाते श्रम मंत्री एवं भाजपाई।

# अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर वाको इंडिया किकबाक्सिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

फेडरेशन के मार्गदर्शन में देशभर की सभी राज्य इकाइयों में ओलंपिक दिवस का आयोजन कर खेल एवं खिलाड़ी के हित में कार्यक्रम किया गया। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी डीडीएम रोड कोरबा में इस अवसर पर खेल एवं खिलाड़ियों की सामाजिक विकास में भूमिका विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया, जिसमे मुख्य वक्ता के रूप में एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा उपस्थित रहे। इन्होंने बताया कि खेल से जुड़ने के बाद खिलाड़ी में जो अनुशासन आता है, वह निश्चित रूप से सामाजिक विकास में सहायक है। जिस प्रकार हार जीत की परवाह किए बिना खेलना एक खिलाड़ी का नैतिक कर्तव्य है ठीक उसी प्रकार समाज के साथ मिलकर उसका नैतिक विकास करना भी खिलाड़ियों के अनुशासन में शामिल है। इस अवसर पर आईओसी के अध्यक्ष सिंगफ्रिड एडस्ट्रॉम ने दुनिया भर के युवाओं के लिए प्रेरणादायक संदेश दिया था। इस अवसर पर सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी की संचालिका प्रीती मिश्रा, विकास नामदेव, अशोक साहू, जुनैद आलम, प्रभात साहू, अंकुश लाल यादव, रमेश साहू, शुभम यादव, हिमांशु यादव, शुभम दास, सोमेश साहू, सानू मेहराज, आसिफ, पूर्णा साहू, सोनिया शर्मा, श्रेया शुक्ला, मयंक सिंह एवं खिलाड़ियों ने केक काटकर ओलंपिक दिवस मनाया।



प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

### ऑटो चालक के परिजन को मिली सहायता राशि

**कोरबा।** जिला ऑटो संघ के सदस्य रमेश भट्ट के आकस्मिक निधन पर ऑटो संघ द्वारा उनके परिजनों को सहायता राशि प्रदान की गई। श्री भट्ट अपने परिवार के एकमात्र भरण पोषण करने वाले सदस्य थे। उनके निधन से परिवार पर आर्थिक संकट खड़ा हो गया था, जिसकी सहायता के लिए ऑटो संघ सामने आया और एनटीपीसी ऑटो चालक संघ के सदस्यों की उपस्थिति में सहायता राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर कौशल सिंह, राकेश शुक्ला, अजीत कुमार, संतोष कुमार, पवन दास उपस्थित थे।




**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि है आवेदक शिवकुमार पिता छबीलाल जाति धोबी साकिन मलगांव तहसील दीपका जिला कोरबा (छ.ग.) के अपने पुत्री प्रीति पिता शिवकुमार की जन्म दिनांक 08.12.2010 स्थान मलगांव में घर में जन्म होने के कारण पंजीयन करने हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छत्तीसगढ़ जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के अंतर्गत निर्देश देने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, अनुपलब्धता एवं अन्य दस्तावेज संहित इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 08/07/2024 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतः आज दिनांक 19/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**दीपका, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

# आए दिन ट्रेनों की लेट लतीफी से यात्रियों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सरगुजा नागरिक अधिकार मंच द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय व रेलवे बोर्ड के सीईओ को पत्र लिख ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्रियों को हो रही असुविधाओं से अवगत कराते हुए इनके व्यवस्थित संचालन कराने की मांग की है। पीएमओ व रेलवे बोर्ड के सीईओ को भेजे पत्र में सरगुजा नागरिक अधिकार मंच ने उल्लेख किया है कि सरगुजा पिछड़ा हुआ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है जहां आवागमन के सीमित साधन ही उपलब्ध हैं, सरगुजा संभाग में कोयला प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, कोयला खदानों के कारण देश के अलग अलग कई प्रांतों के नागरिक यहां निवास करते है जो खदानों में कार्यरत है अथवा कुछ की जीविका इस पर निर्भर है, इन्हें मूल निवास आने जाने सहित स्थानीय लोगों को पढ़ाई, चिकित्सा के लिए रायपुर, बिलासपुर अथवा नागपुर आने जाने में भारी असुविधाओ का सामना करना पड़ता है जिसकी मुख्य वजह ट्रेनों की लेटलतीफी से संचालन है। अम्बिकापुर से संचालित होने वाली 18242 अम्बिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस जो अम्बिकापुर से रात्रि साढ़े दस बज चलकर जिसका रायपुर पहुँच समय दूसरे दिवस प्रातः आठ पैंतीस बजे है यह गाड़ी अक्सर विलंब से रायपुर पहुंचती है।

## कोरबा मार्केट

**अपना फार्मेसी**
डॉक्टर सेवा उपलब्ध
डॉ.प्रियंका गोयल — MBBS, DGO Gold Medalist — प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ — गर्भाशय की कैंसर, गर्भनिरोधक परामर्श एवं अन्य स्त्री रोगों की परामर्श एवं ईलाज — सोम से शनि शाम 4 से 6 बजे तक
डॉ.बी.के. झलरिया — MBBS — फैमिली एवं जनरल फिजिशियन — मधुमेह, रक्तचाप, दमा, बुखार, शारीरिक कमजोरी एवं अन्य सभी प्रकार के रोगों का ईलाज — सोम से शनि शाम 5 से 7 बजे तक
डॉ.स्नेहा चंद्रा — B.A.M.S. — प्रातः 9.30 से 2.00 बजे तक — सर्दी, खांसी, बुखार, श्वांस रोग, चर्म रोग, सफेद दाग, नसों व जोड़ों में दर्ज, मधुमेह, शिशु रोग का उपचार
सुभाष चौक के पास निहारिका, कोरबा
मो.9340230710

**विद्यार्थी बचत योजना**
कक्षा XI, XII, CBSE एवं CG की BA, B.Com, Bsc एवं MA, M.Com Msc व PET NEET, JEE की पुरानी पुस्तकें लाइये एवं बदले में नई अथवा पुरानी पुस्तकें ले जाइये
**विद्यार्थी बुक डिपो**
रेलवे ओव्हर ब्रिज के नीचे अग्रसेन चौक कोरबा, मो. 8817230745



## खबर संक्षेप

### कामगारों को दुर्घटना बीमा का लाभ देने की उठाई मांग



**कोरबा।** कोल इंडिया और अनुषांगिक कपंनियों के नियमित और ठेका कामगारों को दुर्घटना बीमा का लाभ देने की मांग की गई है। इस संदर्भ में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के कोल प्रभारी एवं सीआईएल अपेक्स जेसीसी सदस्य के. लक्ष्मा रेड्डी ने चेयरमैन को पत्र लिखा है। श्री रेड्डी ने पत्र में कहा है कि हाल ही में सिंगरैनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड प्रबंधन ने अपने कर्मचारियों के लाभार्थ जीवन बीमा योजना के अंतर्गत कुछ बैंकरों के साथ समझौता किया है, जिसके तहत प्रत्येक स्थायी कर्मचारी का एक करोड़ और प्रत्येक ठेका कर्मचारी का 40 लाख का दुर्घटना बीमा शून्य प्रीमियम के साथ किया जा रहा है। बीएमएस नेता ने कहा कि सिंगरैनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड की उनके कर्मचारियों के हितार्थ की गई यह एक सराहनीय पहल है तथा इस प्रकार की व्यवस्था का अनुकरण कोल इंडिया और उसकी अनुषांगिक कंपनियों में भी बैंकरों से संपर्क स्थापित कर नियमित और ठेका कर्मचारियों के हितार्थ किया जा सकता है।

### किसानों को कटघोरा विधायक ने खाद एवं बीज का किया वितरण



**हरदीबाजार।** कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के मुख्य आतिथ्य में ग्राम रंजना मे 45 किसानों को ग्राम मोहनपुर में 40 किसानों को, ग्राम सुक्लाखार में 35 किसानों को, ग्राम कसाईपाली में 60 किसानों को, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत निःशुल्क में प्रमाणित बीज इंदिरा एरोबिक धान, अरहर बीज एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत कोदो बीज का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य रूप दिलीप कुमार पटेल, नरेंद्र चौहान जवाली हाई स्कूल प्रतिनिधि, कृषि विभाग के एसएडीओ एमपी सिंह तंवर एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी टम्पाल सिंह पैकरा, श्रीमती अमृता वर्मा, कुमारी मीनाक्षी ठाकुर, हेमंत कुमार भारद्वाज, नितेश कुमार भाजपा कार्यकर्ता इंदल सिंह कंवर, भरत पटेल, ग्राम रंजना के उप सरपंच योगेश्वर जायसवाल, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि मोहर मरकाम एवं ग्राम मोहनपुर के उप सरपंच राजकुमार एवं ग्राम कसईपाली के जनपद सदस्य रूप सिंह बिंझवार एवं कसईपाली सरपंच श्रीमती गीता बिंझवार चकबुड़ा सरपंच पवन सिंह कमरो एवं भाजपा कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि एवं कृषक मित्र किसान उपस्थित रहे।

### भाजपा मंडल ने डॉ.मुखर्जी को किया याद



**हरदीबाजार।** भाजपा मंडल हरदीबाजार ने रविवार को जन संघ संस्थापक और भारतीय जनता पार्टी के प्रेरणा स्त्रोत प्रखर वक्ता राष्ट्रवादी नेता डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद कर उनका पुण्यतिथि मनाई। जिसे भारतीय जनता पार्टी बलिदान दिवस के रूप में पूरे देश में मनाती है, इसी तारतम्य में भाजपा मंडल हरदीबाजार का प्रमुख कार्यक्रम कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के गरिमा मयी उपस्थिति में विधायक निवास पर मनाया गया, जिसमें एक संगोष्ठी का कार्यक्रम भी रखा गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कटघोरा विधानसभा के विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा छोटेलाल पटेल, मंडल के महामंत्री डॉ.विजय राठौर,महामंत्री डॉ.दुर्गेश कश्यप, दिलीप पटेल, अशोक कश्यप, श्रवण यादव, दिनेश बाजपेई आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 12वीं की 23 और 10वीं की 24 जुलाई से दूसरी मुख्य परीक्षाएं

**कोरबा।** बोर्ड की मुख्य परीक्षा दो बार ली जाएगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। किसी सब्जेक्ट में फेल या श्रेणी सुधार करने वाले छात्र आवेदन देकर सेकेंड चांस के लिए अप्लाई कर सकते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पूरक परीक्षा की जगह हर साल दो बार मुख्य परीक्षा का आयोजन किया जाना है। इस बार सेकेंड चांस के लिए 10वीं की परीक्षा 24 जुलाई से और 12वीं की परीक्षा 23 जुलाई से शुरू होगी। सीजी बोर्ड की परीक्षा दे चुके छात्र इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। फेल हुए छात्र, सप्लीमेंट्री के छात्र और पास हुए छात्र भी इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। माशिमं की ओर से कहा गया है कि वैसै परीक्षार्थी जो पूरक हैं, फेल हैं या फिर अपना रिजल्ट बेहतर करना चाहते हैं, वो परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। माशिमं की तरफ से जारी निर्देश के मुताबिक दूसरी मुख्य परीक्षा के लिए सामान्य शुल्क के साथ छात्र 21 जून से 30 जून तक आवेदन कर सकेंगे। साथ ही लेट फीस के साथ 1 और 2 जुलाई तक भी आवेदन जमा किए जा सकते हैं। जो रेगुलर स्टूडेंट्स इस परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं, वे अपने स्कूल से संपर्क कर आवेदन जमा कर सकेंगे।

# पौधरोपण करने मनरेगा में भागीदारी नहीं दे रहे शासकीय विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

बारिश के मौसम में पौधरोपण करने का लक्ष्य सभी विभागों को शासन से दिया जाता है। इसी कड़ी में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में पौधरोपण कार्य को शामिल करते हुए सभी विभागों को मनरेगा के तहत पौधरोपण कार्य किए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। जिसके तहत जिले के मनरेगा प्रकोष्ठ के द्वारा सभी विभागों को इस संबंध में पत्र प्रेषित किया गया। जिसमें अब तक केवल रेशम विभाग की ओर से पौधा लगाने हेतु मनरेगा को अपना लक्ष्य मिला है। शेष विभागों ने अब तक किसी तरह का लक्ष्य मनरेगा प्रकोष्ठ को नहीं भेजा है।

मनरेगा के द्वारा जल संरक्षण से लेकर पौधरोपण के कार्य किए जा रहे हैं। शासन द्वारा सभी विभागों को पौधरोपण करने के लिए एक लक्ष्य दिया जाता था। अब सभी विभागों को मनरेगा के तहत पौधरोपण कार्य कराने के लिए निर्देशित किया गया है, जिसमें सभी विभागों को पौधरोपण के लक्ष्य और पौधों की संख्या मनरेगा प्रकोष्ठ को भेजा जाना है, ताकि जॉबकार्डधारी मजदूरों के माध्यम से ग्रामीण अंचल में तालाब, नदी के किनारे पौधरोपण किया जा सके। जिले के मनरेगा प्रकोष्ठ ने शासन के इस निर्देश का पालन करते हुए सभी विभागों को पत्र प्रेषित कर उनके द्वारा किए जाने वाले पौधरोपण की जानकारी मांगी है। जिस पर केवल रेशम विभाग द्वारा ही मनरेगा के माध्यम से पौधरोपण करने में भागीदारी देने की सहमति देते हुए विभाग के द्वारा कितने पौधे रोपित किए जाएंगे, इसकी संख्या भी भेजी है, किंतु शेष अन्य विभाग कृषि, उद्यानिकी ये ऐसे विभाग हैं जिनके माध्यम से हमेशा पौधरोपण, जल संरक्षण के कार्य किए जाते रहे हैं। इन विभागों ने भी अभी तक पौधरोपण करने के संबंध में कोई जानकारी मनरेगा प्रकोष्ठ को प्रेषित नहीं की है। जिसके वजह से यह तय नहीं हो पा रहा है कि मनरेगा के द्वारा कितने पौधों का रोपण जिले के ग्रामीण अंचलों में किया जाएगा।

### मनरेगा प्रकोष्ठ ने सभी शासकीय विभागों को भेजा है पत्र

**खास बातें**

- रेशम विभाग के अलावा अब तक किसी भी विभाग ने नहीं भेजी जानकारी



**ली जा रही जानकारी**

मनरेगा से ग्रामीण अंचलों में पौधरोपण का कार्य किया जाता है। इस वर्ष भी पौधरोपण का कार्य किया जाएगा, जिसके लिए सभी विभागों को पत्र प्रेषित किया गया है। रेशम विभाग से ही अभी तक पौधरोपण किए जाने की जानकारी दी गई है।

-**संदीप डिक्सेना**, एपीओ, मनरेगा प्रकोष्ठ

### तालाब और पहाड़ी नालों को किया गया चिन्हांकित

मनरेगा के तहत पौधरोपण करने के लिए ग्रामीण अंचलों के सार्वजनिक स्थान ग्राम पंचायत भवन स्कूल, आंगनबाड़ी भवन के साथ तालाब और पहाड़ी नालों को चिन्हांकित किया गया है। इनके अलावा गावं में चारागाह के लिए आरक्षित की गई जमीनों में भी पौधरोपण का कार्य किया जाएगा। इन स्थानों का चयन भी ग्राम पंचायतों के द्वारा किया जाएगा। बीते वर्ष भी मनरेगा के माध्यम से पौधरोपण का कार्य किया गया था, किंतु ग्राम पंचायतों के द्वारा रखरखाव नहीं किए जाने से पौधे जीवित नहीं बच सके।

### दर्री थाना क्षेत्र के जोन ऑफिस के समीप शनिवार को हुआ था हादसा

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत, एक मासूम गंभीर



दुर्घटनाकारित कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-कटघोरा मार्ग पर दर्री के नगर निगम जोन कार्यालय के पास हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक बालक सहित तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गए थे जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया था जहां उपचार के दौरान दोनों युवकों की मौत हो गई है।

**खास बात**

- शनिवार की दोपहर दर्री थाना क्षेत्र में हुई थी घटना

जानकारी के अनुसार कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवपुर निवासी अजय लाल यादव 40 वर्ष व उसका दोस्त नरेंद्र बंजारे व नरेंद्र का 7 वर्षीय पुत्र प्रशांत शनिवार को किसी काम से मोटर सायकल में सवार होकर कोरबा आए हुए थे जहां से काम निपटाकर वापस अपने घर लौट रहे थे कि दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम के जोन कार्यालय के समीप कार क्रमांक सीजी 12 बीबी 6805 के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोटर सायकल को अपनी चपेट में ले लिया था जहां गंभीरावस्था में तीनों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया था जहां उपचार के दौरान अजय यादव व नरेंद्र बंजारे की मौत हो गई है। मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है जबकि नरेंद्र बंजारे के पुत्र प्रशांत का उपचार स्थानीय अस्पताल में जारी है। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले कार चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है। दो लोगों की मौत के बाद इस मामले में कार चालक के खिलाफ अन्य धाराएं जोड़ी जाएंगी।

### हादसों को लेकर पुलिस चला रही है अभियान

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा वर्मा के मार्गदर्शन में जनप्रतिनिधि एवं किसानों का बैठक लिया जाए सजग कोरबा के तहत उन्हें जागरूक किया जाए। इसी कड़ी में थाना पसान, चौकी मोरगा एवं जटगा के द्वारा ग्राम तेलियामार, उच्चलेंगा एवं रावा में जन प्रतिनिधि और ग्रामीणों की बैठक ली गई। बिलासपुर अंबिकापुर मार्ग में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या अधिक होने की बात बताते हुए लोगो को शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने को कहा गया। हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने एवं मालवाहक गाड़ियों में सवारी नहीं बैठाने के संबंध में भी बताया गया। वहां उपस्थित लोगो को डायल 112 एवं हाईवे में आपातकालीन डायल 1033 के बारे में जानकारी दिया गया।




### सड़क पर ओवरस्पीड के खिलाफ पुलिस ने छेड़ा अभियान



जिले में बढ़ते सड़क हादसों को लेकर पुलिस प्रशासन चिंतित है और हादसों को रोकने के लिए ओवरस्पीड के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिला पुलिस के द्वारा ओवरस्पीड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया जहां कुल 40 ओवरस्पीड गाड़ियों पर चलानी कार्यवाही की गई और कुल 56 हजार रुपए समन शुल्क जमा कराया गया। ज्ञात हो कि वर्ष 2023 में ओवर स्पीड वाहन पर कुल कार्यवाही 124 थी और इस वर्ष 5 1/2 माह में ही 179 कार्यवाही कर ली गई है जो क़रीबन 144 प्रतिशत की वृद्धि है।एवं 1 लाख 68 हजार समन शुल्क वसूला गया। कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा पेट्रोलिंग किया गया, पेट्रोलिंग के दौरान मुख्य चौक चौराहा एवं भीडभाड वाले इलाकों एवं बाजार में जाकर पैट्रोलिंग किया गया गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं ओवर स्पीड वाहन चलने वाले पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही किया गया।

# ईपीएफ जमा न करने पर दंडात्मक आरोपों को कम करना गलतः दीपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



दीपेश मिश्रा

एटक के प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष दीपेश मिश्रा ने बताया कि श्रम और रोजगार मंत्रालय भारत सरकार ने पांच अधिसूचनाएं प्रकाशित की गई है। जिसमें जीएसआर 325(ई), जीएसआर 326(ई), जीएस आर(327), जीएसआर 329 (ई) और जीएसआर 330 (ई) फंड योजना, पेंशन योजना, ईडीएलआई योजना शामिल हैं। श्री मिश्रा ने बताया कि ये संशोधन इन योजनाओं में योगदान में चूकं करने या देरी करने वाले नियोक्ताओं के खिलाफ लगाए गए दंडात्मक आरोपों को कम करते हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व नियमों अनुसार श्रमिकों के वेतन से काटी गई भविष्य निधि केंद्रीय न्यास बोर्ड में नियत समय में जमा न करने पर नियोक्ताओं के प्रति दंडात्मक आरोपों का प्रावधान था जिसे केंद्रीय श्रमिक संगठनों द्वारा बगैर चर्चा एवं बगैर श्रमिकों को अवगत कराए। नियमों में परिवर्तन कर इन्हें नियोक्ताओं के पक्ष मे कर श्रमिकों की भविष्य निधि के साथ खिलवाड़ ही नहीं उस पैसे को नियोक्ताओं की इच्छा शक्ति पर छोड़ना श्रमिकों की निधि के साथ खिलवाड़ करने का कार्य किया है, जिसे एटक के राष्ट्रीय महासचिव कामरेड अमरजीत कौर द्वारा उपरोक्त आधारों पर इस व्यवसाय करने में आसानी की, नीति की निंदा करते हुए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के केंद्रीय न्यासी बोर्ड को इन संशोधनों और नियोक्ताओं द्वारा उनके डिफॉल्ट के लिए दंड को कम करके अनुपालन सुधार के तर्क के बारे में श्रमिक संगठनों से चर्चा किए बगैर लागू किया जो सही नहीं है। ऑल इंडिया ट्रेड यूनियनों कांग्रेस एटक मांग करता है कि यह त्रिपक्षवाद का जो उल्लंघन हुआ है जिससे श्रमिक जगत में श्रम और रोजगार मंत्रालय के प्रति रोष व्याप्त है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया सरोज का जन्मदिन



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व महासचिव एवं पूर्व राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय का जल परिसर स्थित आवास में बड़ी संख्या में विभिन्न समाज के प्रमुख जैसे की ब्राह्मण समाज, देवांगन समाज, सिख समाज, सिंध समाज, राजपूत समाज चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के पदाधिकारी, राइस मिल संगठन के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में आम जनमानस महिला स्व सहायता समूह की बहने एवं कार्यकर्ता पदाधिकारी ने जन्मदिन मनाया। इस दौरान सुश्री सरोज पांडेय ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आम जनमानस कार्यकर्ताओं अपना असीम स्नेह और प्यार मेरे जन्म दिवस के अवसर पर मुझे दिया एवं आम जनमानस एवं समर्थकों का यही स्नेह मेरी पूंजी है उनका यही स्नेह और समर्थन मुझे हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में प्रीति स्वर्णकार युवा मोर्चा एवं ज्योति वर्मा महिला मोर्चा शामिल रहीं।

# छात्र चुनौतियों के लिए खुद को करें तैयार : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिले के मेधावी विद्यार्थियों हेतु जेईई, नीट की निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर कड़ी मेहनत कर लक्ष्य प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी।

**खास बात**

- नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्योग मंत्री ने किया शुभारंभ



बैठक के दौरान श्रम मंत्री एवं कलेक्टर।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सराहनीय पहल करते हुए यह कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रशासन द्वारा निरंतर विकास कार्य किया जा रहा है। खनिज प्रभावित जिलो में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य क्षेत्रों में विकास हेतु सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जिले के 100 मेधावी छात्र-छात्राओं को मेडिकल इंजीनियरिंग जैसे उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय स्तर की जेईई, नीट जैसे प्रवेश परीक्षा की निःशुल्क तैयारी हेतु व्यवस्था की गई है। यह आप सभी के लिए सुनहरा अवसर है। इस अवसर का लाभ उठाएं, आप सभी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़े, कार्ययोजना बनाकर परीक्षा की तैयारी करें, सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आज से आपकी जिंदगी एक नया मोड़ ले रही है। आपके बेहतर कल की शुरुआत आज से हो रही है। अपने भविष्य को ऊँचे आयाम तक पहुचाने की जिम्मेदारी आपकी है। इस हेतु आप सभी अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करें। खुद पर पूर्ण विश्वास रखें, आने वाली चुनौतियो के लिए खुद को तैयार रखे, खूब मेहनत करें एवं अपने लक्ष्य को हासिल कर अपने परिवार , जिला एवं देश-प्रदेश का नाम पूरे दुनिया मे रौशन करें।

### बस को किया गया रवाना

इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। छात्र-छात्राओं में भी अपने बेहतर भविष्य निर्माण हेतु उत्साह नजर आया। विद्यार्थियों ने कहा कि यह उनके लिए गौरव का पल है कि उनका चयन ऐलेन जैसे प्रतिष्ठित कोचिंग संस्था में जेईई, नीट परीक्षा की तैयारी के लिए हुआ है। जहां अनुभवी व विषय विशेषज्ञ शिक्षक उनकी परीक्षा की तैयारी कराएंगे। इस हेतु वे सब उत्साहित है एवं परीक्षा में सफलता अर्जित कर प्रशासन द्वारा उन पर किए गए भरोसे को पूरा करेंगे।

# पाली अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिलान्तर्गत मंगल भवन पाली में अधिवक्ता संघ पाली का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। बार कौंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य शैलेंद्र दुबे ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में विधायक पाली-तानाखार तुलेश्वर सिंह मरकाम बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कानून और आम जनता के बीच की कड़ी अधिवक्ता हैं। निर्दोष को न्याय दिलाने में इनकी सबसे बड़ी भूमिका भी होती है, इसलिए वे अधिवक्ता संघ की हर संभव मदद हमेशा करेंगे। अधिवक्ता संघ के साथियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे। इस मौके पर विधायक श्री मरकाम ने अधिवक्ता संघ के भवन के लिए 5 लाख और पुस्तकालय और शौचालय के लिए 5 लाख 50 हजार रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कटघोरा विधायक प्रेम चंद पटेल भी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार कौंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य शैलेंद्र दुबे, विशिष्ट अतिथि के रूप सभापति जिला पंचायत गणराज सिंह कंवर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह, वरिष्ठ नेता दुष्यंत शर्मा, गोगपा प्रदेश संगठन सचिव कुलदीप मरकाम, कमल वैष्णव, दीपक शर्मा, शंकर दीवान, सुरेंद्र ठाकुर, कटघोरा अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सुनील वर्मा, मन्नू राठौर, अनिल मरावी, कमल दास आदि शामिल हुए।





हरिभूमि आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

